केस स्टडी-17/2024

जारी तिथि : 05.08.2024

SPAD

घटनाक्रम:- दिनांक 02.08.24 को पुणे डिवीजन के DD-MMR सेक्शन में, ट्रेन नंबर 12627 एक्सप्रेस कार्य करते समय कर्मीदल ने विसापुर स्टेशन (VPR) का होम सिग्नल जो एक पीला था उसे 58 किमी प्रति घंटे की गति से पार किया व DN मेनलाइन स्टार्टर (S-3) को ऑन स्थिति में 57 किमी प्रति घंटे की गति से पार किया तत्पश्चात कर्मीदल ने आपातकालीन ब्रेक लगाकर गाड़ी को मेन लाइन स्टार्टर से 337 मीटर आगे व एडवांस स्टार्टर सिग्नल से 17 मीटर पहले रोका।

संभावित कारण:-

- लोको पायलट को होम सिग्नल एक पीला मिलने पर अगला सिग्नल लाल होगा, यह जानकार भी गाड़ी की **गति नियंत्रित न करना**।
- कर्मीदल द्वारा मेन लाइन स्टार्टर सिग्नल के **संकेत को देखने में विफल रहना**।
- होम सिग्नल एक पीला मिलने पर लोको पायलट द्वारा गाड़ी कंट्रोल न करने पर भी **सहायक लोको पायलट द्वारा RS न** खोलना।

उपरोक्त घटना से सबक:-

- ✓ लोको पायलट/ सहायक लोको पायलट स्टेशन/लाइन/सिग्नल नंबर के साथ **हाथ के इशारे से सिग्नल के संकेत को ज़ोर से पुकारें।**
- ✓ एक पीला सिग्नल मिलने पर **अगला सिग्नल लाल** ही होगा, यह मानकर गाड़ी को कंट्रोल करें।
- ✓ एक पीला सिग्नल मिलने के बाद, ALP **ने LP को बार बार याद दिलाना चाहिए कि आगे सिग्नल लाल** है।
- ✓ सिग्नल के संकेतो का कड़ाई से पालन करें व ट्रेन की **गति हमेशा सिग्नल के अनुसार नियंत्रण** में रखें।
- ✓ सिग्नल के संकेतों **का अनुमान/पूर्वानुमान न लगाएं**।
- ✓ ALP को LP की गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए व किसी भी खतरे की स्थिति को भांपते हुए तुरंत **RS वाल्व खोल** देना चाहिए।

(निखिल सिंह)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराए एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।